आज लॉन्च होगा रिसोर्स सैट-2ए



देखें Front Page 2 जाएं पेज 18

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

आपकी खबर से बदलेगा शहर

▸p6 NBT CITIZEN REPORTER Future of Journalism

नई दिल्ली/ लखनऊ > बुधवार, 7 दिसंबर 2016 > मार्गशीर्ष 16 शक 1938 > मार्गशीर्ष शुक्ल 8 विक्रम 2073 | www.nbt.in | पेज 22*> | मूल्य सिर्फ 3.00 रु. | facebook.com/nbtlucknow>twitter.com/nbtlucknow




### हवा से बच-बचके...



लोग मंगलवार को बच्चों को गर्म कपड़ों से लैस करने के बाद साथ लेकर बाहर निकले।



**इंतजार...** बसें लेट होने से कैसरबाग बस अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

### मौसम का मजा...



सर्द हवाएं चलने से कई लोग घरों में रहे, जबकि कई लोगों ने मौसम का लुत्फ उठाया।

# 3 दिन नहीं गिरेगा सर्दी का सेंसेक्स

### मौसम विभाग का अनुमान, 10 दिसम्बर को ही मौसम साफ होने के आसार

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

शहर में सोमवार के बाद मंगलवार को भी सर्द हवाएं चलने से ठंड का असर और बढ़ गया। दिनभर कोहरा रहने से शहर को धूप भी नसीब नहीं हुई और अधिकतम तापमान सोमवार के मुकाबले चार डिग्री सेल्सियस कम रेकॉर्ड किया गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले तीन-चार दिन ऐसी ही सर्दी बरकरार रहेगी। इस दरम्यान घना कोहरा भी पड़ सकता है।

शहर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 16 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि सोमवार रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया। सर्द हवाएं चलने से मंगलवार सुबह सिहरन भरी रही। कोहरे के कारण धूप नहीं निकली, जिससे दोपहर से ही शाम जैसा माहौल रहा। मौसम विशेषज्ञ प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने बताया कि दिन और रात के तापमान का अंतर घटने से घना कोहरा पड़ सकता है।

मौसम विशेषज्ञों की संस्था स्काईमेट के मुताबिक, सर्द हवाएं चलने से अगले तीन दिन अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा। मौसम विभाग ने भी ऐसा अनुमान लगाया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि 9 दिसम्बर तक कोहरे और सर्दी की स्थिति ऐसी रहेगी। 10 दिसम्बर को धूप निकलने की संभावना है।

### पल्यूशन भी बढ़ा

शहर में दिन में हवाओं की रफ्तार कम हुई। इससे एअर क्वॉलिटी पर भी असर पड़ा। मंगलवार को एअर क्वॉलिटी इंडेक्स 385 पॉइंट पहुंच गया, जो सोमवार को 355 पॉइंट रेकॉर्ड किया गया था।

### कोहरे से ट्रेन और विमान संचालन गड़बड़

## 4 ट्रेनें कैंसल, 22 लेट

■ **एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ:** कोहरे के कारण ट्रेनों का संचालन मंगलवार को भी अस्त-व्यस्त रहा। काशी विश्वनाथ (14258), कैफियात (12226) और हिमगिरि एक्सप्रेस (12332) रद होने से इनमें रिजर्वेशन करवा चुके यात्री परेशान हुए। वाराणसी से मरुधर भी मंगलवार को कैंसल रही, जबकि चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस (12232) के न चलने से यह ट्रेन बुधवार को लखनऊ नहीं आएगी।

**कल रद रहेगी मरुधर व जयनगर एक्सप्रेस:** वाराणसी से मंगलवार को मरुधर एक्सप्रेस न चलने से सात दिसम्बर को जोधपुर से मरुधर एक्सप्रेस रद रहेगी। जयनगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस जयनगर से 06 दिसम्बर को रद होने से सात दिसम्बर को यह ट्रेन लखनऊ में रद रहेगी। वापसी में नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस नई दिल्ली से सात दिसम्बर को नहीं चलेगी।

**ये ट्रेनें लेट:** हिमगिरि एक्सप्रेस 26 घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस 20 घंटे, जनसाधारण एक्सप्रेस 18 घंटे, पुरबिया एक्सप्रेस साढ़े 18 घंटे, कैफियात एक्सप्रेस 19 घंटे, मरुधर एक्सप्रेस 13 घंटे, शहीद एक्सप्रेस 12 घंटे, चंडीगढ़ एक्सप्रेस सवा 11 घंटे, कोटा-पटना एक्सप्रेस 11 घंटे, बिहार सम्पर्क क्रांति 11 घंटे, सुलतानपुर- एलटीटी एक्सप्रेस आठ घंटे, राप्तीसागर एक्सप्रेस आठ घंटे, गरीब रथ एक्सप्रेस सात घंटे, पंजाब मेल पांच घंटे, मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस पांच घंटे, अवध असम एक्सप्रेस पांच घंटे, चंडीगढ़-एलजेएन एक्सप्रेस चार घंटे, नौचंदी एक्सप्रेस चार घंटे, त्रिवेणी एक्सप्रेस पांच घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस चार घंटे, डुप्लीकेट पंजाब मेल चार घंटे और एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस तीन घंटे


**रात में बसों की रफ्तार धीमी:** कोहरे के कारण मंगलवार रात भी रोडवेज बसों के पहिए थमे रहे। लम्बी दूरी की बसें दो से तीन घंटे लेट हो गईं। इससे दिल्ली, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर, बस्ती,इलाहाबाद, झांसी की ओर से आने वाली रात्रिकालीन बसों में सफर कर रहे यात्री परेशान हुए।

## इंडिगो की दो फ्लाइट रद

■ **एनबीटी, सरोजनीनगर:** घने कोहरे का असर मंगलवार को विमान सेवाओं पर भी रहा। देर तक कोहरा न छंटने से अमौसी एअरपोर्ट से विमानों का संचालन सुबह 11:30 बजे शुरू हो सका। इससे पहले सुबह 6:20 बजे दिल्ली जाने वाली और सुबह 6:30 बजे बेंगलूरु जाने वाली इंडिगो की दो फ्लाइट रद करनी पड़ीं।

### दिन-रात के पारे का अंतर तेजी से घटा...

न्यूनतम तापमान संग अधिकतम तापमान में भी तेजी से गिरावट आई है। मंगलवार को ही दिन-रात के तापमान में सिर्फ 6°C का अंतर रहा।




### कम्बल वितरण और लकड़ी खरीद के लिए बजट मिला

■ **एनबीटी, लखनऊ:** आपदा राहत विभाग ने शहर के मुख्य स्थानों पर अलाव जलाने और कम्बल वितरण के लिए बजट जारी कर दिया है। विभाग ने कम्बल वितरण के लिए ₹25 लाख और अलाव के लिए पांचों तहसीलों को ₹25-₹25 हजार आवंटित किए हैं। डीएम सत्येंद्र सिंह ने बताया कि नगर निगम और पांचों तहसीलों से अलाव जलाने के लिए जगहों की लिस्ट मांगी है और इन स्थानों पर लकड़ियां खरीदकर भेजने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने नगर आयुक्त को सभी शेल्टर होम में पर्याप्त इंतजाम के निर्देश दिए हैं। डीएम कभी भी इनका निरीक्षण कर सकते हैं।



### ...मगर नगर निगम अड़ा, 7°C पर ही जलेगा अलाव

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ:** सर्दी बढ़ने से बेसहारा और सड़क किनारे रात गुजारने वाले बेघर लोग परेशान हैं, लेकिन नगर निगम अलाव जलाने के लिए तापमान 7°C तक गिरने का इंतजार कर रहा है। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद भी नगर अफसर तापमान घटने की बेतुकी दलील दे रहे हैं।

एक्सईएन जोन-एक मलयधर ने बताया कि अलाव जलाने की तैयारी पूरी है। स्थान पहले से चिह्नित हैं। कुछ नए स्थान भी चुने जाने हैं, लेकिन नगर निगम तापमान 7°C आने के बाद भी अलाव जलाने की व्यवस्था करवाता है।

### सर्दी में बीमारियों से बचाएंगे घरेलू नुस्खे...

## चीनी नहीं गुड़ खाएं, दूध में हल्दी मिलाएं

**गुड़:** सर्दी में चीनी के बजाय गुड़ का इस्तेमाल करें। इसमें आयरन अधिक होता है, जो हीमोग्लोबिन बढ़ाता है। पाचन भी दुरुस्त रखता है।

**तिल के लड्डू:** तिल का लड्डू फाइबर की कमी दूर करता है।

**अदरक:** जुखाम-बुखार से बचने के लिए अदरक का सेवन करें। यह प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। अदरक, आंवले और लहसुन की चटनी खा सकते हैं। बच्चों को दिन में तीन बार अदरक पीसकर शहद मिलाकर दें।

**अजवाइन:** सर्दी में रोजाना नाश्ते के बाद आधा चम्मच आजवाइन का सेवन करना चाहिए। तासीर गर्म होती है।

**पिसी हल्दी:** सुबह खाली पेट आधा चम्मच पिसी हल्दी खाने से एलर्जी और खराश से बचा जा सकता है।

...जैसा सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. **आशुतोष दुबे** और आयुर्वेदिक डॉ. **एसके पांडेय** ने बताया।






### पारा गिरने के साथ बढ़ा कई बीमारियों का खतरा...

## निमोनिया से 4 माह के बच्चे की मौत, कई भर्ती

■ एनबीटी, लखनऊ

सर्दी के साथ निमोनिया और कोल्ड डायरिया के केस भी बढ़ने लगे हैं। ट्रॉमा सेंटर में ही बाल रोग विभाग में भर्ती निमोनिया पीड़ित एक बच्चे ने सोमवार रात दम तोड़ दिया। बलरामपुर निवासी चार महीने के कृष्णा को 3 दिसम्बर को ट्रॉमा सेंटर के बाल रोग विभाग में भर्ती करवाया गया था।

जानकारी के मुताबिक, ट्रॉमा के बाल रोग विभाग में लखीमपुर के राम (6 माह), ठाकुरगंज के शोभित (9 माह), कानपुर दिहात की छुट्की (एक साल), आलमबाग की हनी (डेढ़ साल), उन्नाव निवासी निशा (एक साल) और खदरा निवासी अंश (3 माह) सहित करीब 70 बच्चे भर्ती हैं। ये सभी निमोनिया, बुखार और कोल्ड डायरिया से पीड़ित हैं।

बलरामपुर, सिविल, लोहिया और डफरिन अस्पताल में भी पिछले एक सप्ताह के भीतर कोल्ड डायरिया और निमोनिया से पीड़ित कई बच्चे भर्ती करवाए गए हैं। केजीएमयू की बाल रोग विभाग की डॉ. रश्मि कुमार ने बताया कि ओपीडी में इन दोनों बीमारियों के केस 20% बढ़ गए हैं।



बलरामपुर अस्पताल में भी निमोनिया से पीड़ित कई बच्चे भर्ती हैं।

### कोहरा अधिक पड़ने के आसार, पल्यूशन भी बढ़ेगा

## सुबह-शाम बाहर निकलने से बचें बुजुर्ग और बच्चे

■ **एनबीटी, लखनऊ:** बीते 5 दिन में अधिकतम तापमान 26°C से 18°C तक आ गया है। न्यूनतम तापमान भी 12°C से गिरकर 8.5°C तक जा चुका है। इससे कोहरा अधिक पड़ने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, कोहरा अधिक पड़ने से वायुमंडल में 15 से 30 किमी ऊंचाई तक मौजूद धुआं नीचे आ रहा है। साथ में पार्टिकुलेट मैटर (PM) भी नीचे आ रहे हैं, जो सांस की नली, फेफड़ों और दिल पर असर करते हैं। ऐसे में सुबह-शाम वॉक और खेलने के दौरान बुजुर्गों और बच्चों पर इनका असर अधिक असर पड़ेगा।

### बढ़ेगी शीतलहर

वैदिक विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. भरतराज सिंह ने बताया कि ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभाव से ग्लेशियर अधिक पिघलने का असर इस साल साफ दिख रहा है। इस बार पहाड़ों पर बर्फ गलने से मैदानी इलाकों में शीतलहर के आसार हैं। इसका सबसे अधिक असर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली समेत उत्तरी भारत के कई राज्यों में होगा।